भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3863

दिनांक 21 दिसम्बर, 2021/ 30 अग्रहायण, 1943 (शक) को उत्तर के लिए

पुडुचेरी में बारिश और बाढ़ से हुई क्षति

†3863. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पुडुचेरी में हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ से हुई हानि का कोई आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) केंद्र सरकार द्वारा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन को प्रदान की गई राहत का ब्यौरा क्या हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ग): पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) ने, दिनांक 25.11.2021 के पत्र के तहत, भारी वर्षा और बाढ़ की वजह से दो मानव जीवन तथा 72 पशुओं की हानि, 346 घरों/झोपड़ियों की क्षति और लगभग 4040 हेक्टेयर भूमि में फसल का नुकसान होने की सूचना दी है।

आपदा प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की होती है। तथापि, पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र में भारी वर्षा/बाढ़ की वजह से हुए नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम (आईएमसीटी) नियुक्त की गई थी। इस टीम ने 22 और 23 नवम्बर, 2021 को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। आईएमसीटी से रिपोर्ट प्राप्त होने पर, अतिरिक्त वित्तीय सहायता पर, स्थापित प्रक्रिया के अनुसार विचार किया जाता है।

चालू वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान, पुदुचेरी संघ राज्य क्षेत्र को संघ राज्य क्षेत्र आपदा मोचन निधि (यूटीडीआरएफ) के अंतर्गत 5 करोड़ रु. की राशि जारी की गई है।

******